## एक नजर में

## हिंगलाज मंदिर मार्ग पर शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा कड़ा विरोध




**जुन्नारदेव/अंबाड़ा।** जुन्नारदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाड़ा चौकी अंतर्गत आने वाले हिंगलाज मंदिर मार्ग पर शराब दुकान संचालित किए जाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग हिंगलाज माता मंदिर पहुंचने का मुख्य मार्ग है। लगातार हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते है, और शराब दुकान के सामने शराबियों एवं असामाजिक तत्वों की भीड़ लगी रहती है जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से शराब दुकान को हिंगलाज मंदिर मुख्य मार्ग से हटाने की मांग की है। अगर दुकान नहीं हटती है तो ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन करने को चेतावनी दी है।

## बटकाखापा में शिक्षा का उत्सव : अर्थ एंजल इंग्लिश मीडियम स्कूल के नए भवन का होगा भव्य उद्घाटन, वार्षिक उत्सव 19 अप्रैल को



**बटकाखापा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान अर्थ एंजल इंग्लिश मीडियम स्कूल, बटकाखापा में नए भवन उद्घाटन एवं वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन 19 अप्रैल 2026, रविवार को किया जा रहा है। इस विशेष अवसर को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नगरवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विवेक बंटी साहू सांसद छिंदवाड़ा एवं राजा कमलेश प्रताप शाह, विधायक अमरवाड़ा उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में दिनेश कुमार अंगरिया, अध्यक्ष भारिया जनजाति विकास प्राधिकरण तथा जी .एस बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा समारोह की शोभा बढ़ाएंगे ।विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि नए भवन के उद्घाटन के साथ-साथ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर स्कूल परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर एवं क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन को शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। यह समारोह बटकाखापा क्षेत्र में शिक्षा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12वीं की छात्रा कुमकुम अहरवार ने मध्य प्रदेश में पाया तीसरा स्थान




**अमरवाड़ा।** 10वीं 12वीं का रिजल्ट घोषित होने के साथ बच्चों में एक उत्साह देखा गया जिसमें अमरवाड़ा पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी कुमकुम पिता रामभरोस अहिरवार सुखारी निवासी ने 12वीं गृह विज्ञान संकाय से मध्य प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिन्होंने 500 में से 478 अंक प्राप्त किए हैं और 95.6 प्रतिशत अंक वाले हैं कुमकुम अहिरवार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है और अमरवाड़ा पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और प्रेस क्लब अध्यक्ष देवेंद्र जैन संस्था के प्राचार्य अनिल नेमा ने कुमकुम का मीठा कराकर शाल और शील्ड के साथ सम्मानित किया है। इस दौरान उनके माता-पिता और भाई भी मौजूद रहे। कुमकुम ने चर्चा के दौरान कहा कि उसे पीएससी की तैयारी करके अधिकारी बनने का सपना है और उसने आगे कहा कि मैने सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं किया। मोबाइल से दूर रहा और यही वजह रही कि मैं मध्य प्रदेश में तीसरे स्थान पर आई हूं और यही उसने सभी विद्यार्थियों से अपील भी की है। इस दौरान प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

कार्यवाही

### कार्यवाही के बाद फुटकर व्यापारियों के साथ बड़े व्यापारियों में में दिखा आक्रोश

# अतिक्रमण के विरुद्ध नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

### कुछ नहीं बताया कार्यवाही को मुंह देखी तो कुछ ने 50 साल से अधिक की जगह से न हटाने की कहानी बात






**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 17 अप्रैल, जुन्नारदेव नगर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद, राजस्व प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस के संयुक्त गठित बल ने शुक्रवार 17 अप्रैल को नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर रहे फुटकर और थोक व्यापारियों पर कार्यवाही की है।**

यह कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे के निर्देशन में की गई। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण उन्मूलन दस्ता द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर बड़ी कार्रवाई की गई इस चौराहे पर प्रत्येक शाम को अतिक्रमण के चलते जाम लग जाता था, जिससे आम जनता को खासी असुविधा होती थी, जिसके चलते प्रशासन द्वारा इस अतिक्रमण उन्मूलन कार्रवाई को अंजाम देने का निर्णय लेना पड़ा था।

### छोटे दुकानदारों के लिए प्रशासन ने विस्थापन प्रक्रिया का किया पालन

नगर के सर्वाधिक व्यस्ततम पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर चौक के छोटे दुकानदारों के लिए प्रशासन ने मानवीय पहल करते हुए इन्हें विस्थापित मानते हुए श्री राम मंदिर के समक्ष उपलब्ध भूखंड में व्यवस्था बनाई है। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर बड़ी संख्या में मटके के विक्रेता एवं झाड़ू टोकरी के विक्रेता के कारण खासी असुविधा होती थी इन्हें श्री राम मंदिर के सामने जगह दी गई है। इसके अतिरिक्त श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के समक्ष फूल विक्रेताओं को भी यहां से हटाते हुए श्री राम मंदिर के भूखंड में विस्थापित किया गया है।

### बड़े दुकानदारों से नपा कर्मियों की तीखी नोक झोक

नगर के बड़े-बड़े व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकान के भीतर रखे सामान को जबरन ही बाहर निकाल कर यातायात में असुविधा पैदा कर दी जाती है जिसके चलते आम जनता को असुविधा होती है। नपा के द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई में इन बड़े दुकानदारों के समान को भी नपा कर्मियों ने अपनी ट्रैक्टर ट्राली में उठाकर जप्त कर लिया है।

### श्री राम मंदिर के सामने विस्थापन का किया गया विरोध

श्री राम मंदिर के सामने पूर्व में ही नगर पालिका द्वारा पार्किंग स्थल घोषित किया गया है ऐसे में यदि फुटकर व्यापारियों को उक्त स्थल पर विस्थापित किया जाता है तो पार्किंग स्थल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा फुटकर व्यापारियों ने भी कहा है कि वह बीते 50-60 वर्षों से मटके की दुकान उक्त स्थल पर ही लगते चले आ रहे हैं केवल दो माह का व्यापार उनके द्वारा गर्मियों में किया जाता है इस पर भी नगर पालिका द्वारा उन्हें हटाने की कार्यवाही के चलते उनके व्यापार व्यवसाय पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका राम मंदिर के सामने फुटकर व्यापारियों को विस्थापित करती है तो पार्किंग स्थल पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और वाहन चालकों को अपने वाहन खड़े करने में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उक्त मांग मटका व्यापारी कमला बाई, राम मालवीय गप्पू मालवीय, गीता भाई आशीष मालवीय, जानकी बाई द्वारा की गई है।

### बिना रसीद और पंचनामा के समान जपती का विरोध

शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बड़े व्यापारियों द्वारा इसका विरोध किया गया है मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम पत्र सौंप कर उनके द्वारा कहा गया कि नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भेदभाव कर सामग्री बिन रशीद और पंचनामा के उठाकर ले जा ली गई है जबकि उन्हीं के सामने और पड़ोस की दुकानों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है उन्होंने इस कार्यवाही को खुली गुंडागर्दी बताया है। शरद कुमार गुप्ता नगर पालिका में पत्र सौंपकर भाई भतीजावाद की कार्यवाही को रोकने की मांग की है।

### अतिक्रमण उन्मूलन दस्ते में यह थे शामिल

शासन के निर्देशानुसार की गई अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही में पुलिस विभाग से उप निरीक्षक पूनम ऊईके, आरक्षक संतोष धुर्वे, राम अवतार तिवारी, निधि बघेल, पूर्णिमा वर्मा शामिल थे जबकि नगर पालिका के अमले में सुशील लदरे, अरविंद राय, मुन्नालाल, प्रवीण पंडिया, हिमांशु पंचेश्वर सहित अन्य कर्मचारी गण शामिल थे।

### इनका कहना है

नगर में बाजार को व्यवस्थित करने और आवागमन को सुलभ करने के उद्देश्य से अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही पूरे बाजार क्षेत्र में हुई है, आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

नेहा धुर्वे
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
जुन्नारदेव

## नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया ने किया नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 17 अप्रैल, नगर परिषद चांदामेटा बुटारिया के सभाकक्ष में परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 रहा।जिसका उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में समर्थन किया।**

बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की गई। परिषद के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताते हुए सर्वसम्मति से समर्थन प्रस्ताव पारित किया।अध्यक्ष गोविंद बजोलिया ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही नगर और देश का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक के अंत में नगर के अन्य विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर के विकास और शासन व्यवस्था से जुड़े निम्नलिखित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पालिक निगम का नो प्लास्टिक अभियान

**छिंदवाड़ा।** जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु वार्ड क्रमांक 42, जेल बगीचा सब्जी मार्केट में नो प्लास्टिक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक राज जैन द्वारा बाजार में उपस्थित सभी दुकानदारों, क्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर घर से ही कपड़े के थैले लेकर आएं। अभियान के दौरान दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि वे ग्राहकों को प्लास्टिक थैलियों में सामान न दें तथा वैकल्पिक रूप से कपड़े या अन्य पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाएं। इस अवसर पर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की आईईसी टीम भी उपस्थित रही एवं अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## कच्चीखानी की महिलाओं को मिला अपने ही क्षेत्र में स्थायी रोजगार

### महिलाओं ने 225000 का किया व्यवसाय अब बन रही स्वयं आत्मनिर्भर

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 17 अप्रैल, अंडर द मैंगो ट्री सोसायटी (यूटीएमटीएस) जिला छिंदवाड़ा के तीन विकासखंडो जुन्नारदेव, तामिया और परासिया में 1000 से अधिक किसानो की आजीविका संवर्धन हेतु देशी मधुमखियाँ का पालन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य छोटे किसानों की आमदनी और रोज़ी-रोटी को बेहतर बनाना है, साथ ही इससे जुड़े छोटे-छोटे व्यवसायों का एक स्थानीय मधुमक्खी पालन इकोसिस्टम तैयार करना है।**

मधुमक्खी पालन में उपयोग होने वाले सामान बनाने का काम स्थानीय महिलाओं के स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है। खास तौर पर स्वार्म बैग और बी-वेल, बी-वेल (जालीदार नकाब) मधुमक्खी पालन के दौरान मधुमक्खी पालक के चेहरे और गर्दन को डंक से बचाते हैं। स्वार्म बैग मधुमक्खियों के झुंड को पकड़कर मधुमक्खी के बक्से में डालते समय स्वार्म बैग का इस्तेमाल करते हैं।




### कच्ची खानी की महिलाओं के स्व सहायता समूह को दिया गया रोजगार

इस प्रोग्राम के तहत जुन्नारदेव ब्लॉक की हनोतिया ग्राम पंचायत के कच्चीखानी ग्राम की 02 समूह सदस्यों रीता वाडिवा एवं ईतरवती बरकडे को बी-वेल और स्वार्म बैग बनाने का प्रशिक्षण अंडर द मैंगो ट्री सोसायटी द्वारा दिया गया है। इसका मुख्य उद्श्य समूह की आमदनी बढ़ाने और सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहयोग करना है। शुरुआत में समूह की महिलाओं को कच्चा माल प्राप्त करने में संस्था से सहयोग प्रदान किया गया, लेकिन बाद में उन्होंने धीरे-धीरे स्वयं से प्रबंधन करना सीख लिया। अब यह कार्य को कुशलता के साथ अपनी आमदनी का एक वैकल्पिक ज़रिया के तौर विगत दो सालो से संभाल रही है। विगत दो सालो में 750-सेट स्वार्म बैग और बी-वेल का निर्माण कर चुके है, जिनसे उन्होंने 2,25,000ज़ का व्यवसाय किया है। अब सभी ऑर्डर समय पर गुणवत्तायुक्त तरीके से पूरा किया जा रहा है। क्इस आजीविका संवर्धन के कार्य को लागू करने में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर मनोज पटेल का समूहों को सशक्त प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

## हितग्राही ने की शिकायत आवास योजना के नाम पर 5,000 की रिश्वत के आरोप

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 17 अप्रैल, जुन्नारदेव नगर के वार्ड क्रमांक 05 निवासी नीलेश सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी पर रिश्वत मांगने और पैसे न देने पर आवेदन निरस्त करने का संगीन आरोप लगाया है। आवेदक ने 11 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपनी फाइल जमा की थी।**

पीड़ित का आरोप है कि आवास योजना प्रभारी मधुकर खदीपूरे ने फाइल को स्वीकृति के लिए आगे बढ़ाने के बदले 5,000 रुपये की अवैध मांग की। जब पीड़ित ने रिश्वत देने से स्पष्ट मना कर दिया, तो उनके



प्रति,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),
जुन्नारदेव, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.)
विषय:- प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन को अनुचित रूप से निरस्त करने एवं संबंधित कर्मचारी द्वारा रिश्वत की मांग करने बाबद शिकायत।
महोदय,
उपरोक्त विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि:यह कि,आवेदक नीलेश सोनी निवासी वार्ड क्र 05 जुन्नारदेव,द्वारा दिनांक 11/01/2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना का आवेदन नगर पालिका जुन्नारदेव में जमा किया गया था।यह कि,योजना प्रभारी श्री मधुकर खदीपूरे प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी द्वारा आवेदन के बदले 5,000/-रुपये की अवैध मांग की गई। मेरे द्वारा राशि न दिए जाने पर द्वेषपूर्ण तरीके से मेरा आवेदन निरस्त कर दिया गया।
यह कि,इस गंभीर विषय की लिखित शिकायत मेरे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO),जुन्नारदेव को भी पूर्व में की जा चुकी है।यह कि,सीएमओ स्तर पर शिकायत के बावजूद अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है और न ही मेरे आवेदन पर पुनर्विचार किया गया है।अतः श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि:चूँकि मामला भ्रष्टाचार और गरीब को आवास के अधिकार से वंचित करने का है,इसलिए कृपया अपने स्तर से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई करते एवं मेरा आवास आवेदन पुनः बहाल करने की कृपा करें।
संलग्न:
दिनांक 11/01/2025 के आवेदन की पावती।
दिनांक 15/04/2026 सीएमओ को दी गई शिकायत की प्रति।
प्रार्थी
नाम: नीलेश सोनी
वार्ड क्र.: 5
दिनांक: 14-04-2026
प्रतिलिपि:-
1. कलेक्टर महोदय जिला छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ।
2. थाना प्रभारी जुन्नारदेव सूचनार्थ।

आवेदन को द्वेषपूर्ण तरीके से निरस्त कर दिया गया। इस भ्रष्टाचार के खिलाफ नीलेश ने 15 अप्रैल 2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग भी की थी, किंतु अब तक शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है ना ही प्रधानमंत्री आवास के आवेदन पर आवेदन पर पुनर्विचार किया। इसके बाद 17 अप्रैल को पीड़ित द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव को शिकायती पत्र में साक्ष्यों (पावती और पुरानी शिकायत की प्रति) के साथ मांग की है कि, मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाए। नियम विरुद्ध तरीके से निरस्त किए गए आवास आवेदन को पुनः बहाल कर आवास की राशि स्वीकृत की जाए।

### इनका कहना है

आवास को लेकर किसी भी प्रकार की कोई मांग नगर पालिका के किसी भी अधिकारी कर्मचारी द्वारा नहीं की गई है शिकायत पूरी तरह झूठी और निराधार है।

नेहा धुर्वे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुन्नारदेव

मेरे द्वारा आवेदन को एसडीएम कार्यालय को प्रेषित किया गया था, जहां से आवेदन निरस्त किया गया है, क्योंकि माता-पिता का पक्का मकान होने के कारण पुत्र को लाभ नहीं दिया गया है। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसकी शिकायत मैंने एसडीम महोदय और जुन्नारदेव थाना प्रभारी को भी की है।

मधुकर खादीपुरे
एलडीसी नगर पालिका जुन्नारदेव

## डिजिटल तकनीक से होगी जनगणना, तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 17 अप्रैल, जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार 17 अप्रैल को कन्या शिक्षा परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 15 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में शासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने उत्साह एवं गंभीरता के साथ सहभागिता निभाई।**

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अजय सिंह, गजेन्द्र मालवीय एवं चापले जी द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना की तकनीकी एवं व्यवहारिक बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। विशेष रूप से नजरी नक्शा (लेआउट मैप) तैयार करने की प्रक्रिया पर गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें क्षेत्र के भवनों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं सीमाओं के सटीक चिन्हांकन की विधि समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार एवं विकासखंड जनगणना अधिकारी ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य की सूक्ष्मताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मोबाइल ऐप (हेलो) के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए डेटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही फील्ड में आने वाली चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपाय साझा करते हुए सभी प्रगणकों को जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस बार जनगणना को पूर्णतः डिजिटल स्वरूप दिया गया है। मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण किया जाएगा, जिससे कार्य न केवल तेज होगा बल्कि अधिक सटीक एवं पारदर्शी भी बनेगा। प्रशिक्षण में भवन सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) के साथ प्रत्येक परिवार से 34 बिंदुओं पर जानकारी संकलित करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

पंचायत सचिव महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप शिववंशी, जिन्होंने इस प्रशिक्षण में एक प्रतिभागी के रूप में भाग लिया, ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यवहारिक एवं समयानुकूल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को न केवल जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए सक्षम बनाते हैं, बल्कि उनकी प्रशासनिक दक्षता, निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता को भी नई दिशा प्रदान करते हैं।

# मोहखेड़ क्षेत्र में बबूल पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई, वन और राजस्व विभाग उदासीन

### तस्कर अवैध करोबार के नाम पर अधिकारियों की जेब गर्म कर जमकर चला रहे अवैध करोबार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अप्रैल, मोहखेड विकासखंड के गांवो में जलाऊ लकड़ी के नाम से बबूल पेड़ों की लगातार अवैध कटाई की जा रही है। इससे हरियाली एवं पर्यावरण पर बुरा असर हो रहा है। वहीं अवैध ढंग से कटाई और व्यापार करने वाले बिचौलिए लाखों का कारोबार कर रहे हैं।**

इसकी जानकारी वन एवं राजस्व विभाग को होने के बाद कार्रवाई नहीं की जा रही है।लोगों ने बताया नगर के भीतर से प्रतिदिन कटे लकड़ी से भरे ट्रक एंव ट्रैक्टर बिना रोक टोक के गुजर रहे हैं।



इससे पता चलता है कि प्रतिदिन सैकड़ो पेड़ कट रहे हैं। वही नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति।बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति बगैर पेड़ नही काट सकता है लेकिन जिन विभागों पर अवैध पेड़ कटाई रोकने की जिम्मेदारी है वे क्षेत्र में कहीं सक्रिय नहीं दिखते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में हरे-भरे बबूल , करही सहित अन्य पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर है। बड़े पैमाने पर बबूल और अन्य हर पेड़ों की कटाई कर उसकी तस्करी का कारोबार कर रहे हैं। कुछ लोभी लकड़ी तस्करों के कृत्य से क्षेत्र के खेत खलिहान खाली होने लगे है जो क्षेत्र के पर्यवरण संतुलन के लिय खतरा है।

### क्षेत्र में पौधेरोपण करने की जरूरत

क्षेत्र समाजसेवी युवाओ का कहना है कि क्षेत्र में बबूल पेड़ बहुतायत है इसे किसान अपने उपयोग के लिए काटते थे जो प्राकृतिक ढंग से हर साल उगने वाले पौधों से संतुलन बना लेते थे लेकिन लकड़ी तस्करों द्वारा नगदी का लालच देकर कृषि क्षेत्र से इन वृक्षों अंधाधुंध कटाई किया जा रहा है। इससे विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से बबूल और अन्य प्रजाति की लकड़ी का लगभग समाप्त होने की स्थिति है

### इस करोबार मे यहा के लकड़ी तस्कर कर रहे करोबार

बता दे इन दिनो क्षेत्र में अवैध लकडी कटाई करोबार के खेल में लकडी तस्कर चांद, बिछुआ, उभेगांव, बीसापुरकला, चिखलीकला सहित अन्य क्षेत्र के लोग इस करोबार में लिप्त है.आज तक अवैध तस्करों पर किसी भी विभाग ने कोई बड़ा शिकंजा नही कस पाया है।

### फर्नीचर के कारोबार में कर रहे उपयोग

बबूल पेडों का उपयोग इन दोनों फर्नीचर, भवन बनाने के लिए, दरवाजे खिड़कियां बनाने में अधिक होने लगे हैं। इसके कारण कटाई लगातार हो रही है। वहीं प्रशासन वृक्ष लगाने का नारा दे रही है लेकिन लगे हुए वृक्षों के बचाव के लिए किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से व्यापारी मालामाल हो रहे हैं। पथरिया आसपास क्षेत्र से लगातार दर्जनों ट्रैक्टर बबूल की लकड़ी का अवैध व्यापार किया जा रहा है इसमें आसपास क्षेत्र में खपत की जाती है अधिकतर उपयोग इमारती लकड़ी के लिए किए जाने से इसकी क्षेत्र में काफी मांग है।

### तस्करो के हौंसले बुलंद,धडल्ले जारी करोबार

इधर लकड़ी तस्कर लगातार क्षेत्र में बिना पंचायत,राजस्व की अनुमति लिए धडल्ले से राजस्व क्षेत्र में लकड़ी कटाई कर रहा है.यहा तक कि बिना टीपी के फारेस्ट विभाग के आंखो में धूल झोंककर दर्जनो ट्रक व ट्रेक्टर शहर व अन्य जिलो में पहुच रहे है.इधर लकडी तस्कर खुलेआम कहते है हम अधिकारी के जेब गर्म करते तब यह करोबार कर रहे है.बता दे अगर पंचायत व राजस्व विभाग की बारिकी से जांच की जाये तो न किसान व लकडी तस्करों को कटाई की अनुमति दी गयी.ऐसे में यह तस्कर खुलेआम कटाई कर रहे है।